Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 15-10-2022 | अंक 373

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### टीएसएस अध्यक्ष अरुण साहू ने तूफान क्लब कंडदाग को जर्सी देकर किया सम्मानित




बरही हाउस में टीएसएस अध्यक्ष अरुण साहू से मिलने आए तूफान क्लब कंडदाग पदमा के खिलाड़ियों को उन्होंने एक सेट जर्सी देकर सम्मानित किया। साथ ही उन्होंने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा की खेल हमारे जीवन का एक अहम हिस्सा है। स्वास्थ्य शरीर और दिमाग को विकसित करने के लिए खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है जो हमारे शारीरिक के साथ मानसिक विकास में मदद करते है। मौके पर टीएसएस के प्रखंड अध्यक्ष संतोष राजवार, अल्पसंख्यक अध्यक्ष मो अजहरुद्दीन अंसारी, प्रखंड उपाध्यक्ष प्रकाश दास, प्रकाश विश्वकर्मा, मीडिया प्रभारी बबलू साहू, पदमा प्रखंड उपाध्यक्ष गोविंद मेहता, छोटी राम, सनी गुप्ता, दीपक गुप्ता, पप्पू चंद्रवंशी, शशि बर्नवाल, प्रेम राम सहित कई अन्य लोग मौजूद थे

# एकल अंचल समिति ने किया एकल विद्यालय का औचक निरीक्षण, विद्यालय के बच्चों से पूछे कई सवाल

## ग्रामीणों को दी गई पंचमुखी शिक्षा एवं वर्मी कंपोस्ट खाद बनाने की जानकारी





एकल विद्यालय का निरीक्षण करती अंचल समिति की टीम

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

एकल ग्राम संगठन की ओर से संचालित एकल विद्यालयों का औचक निरीक्षण हज़ारीबाग़ अंचल समिति की चार सदस्यीय टीम ने किया। टीम में हज़ारीबाग़ अंचल सचिव कृष्णा प्रजापति, ग्राम स्वराज्य मंच के प्रभारी प्रो हीरामन साहू , प्राथमिक शिक्षा प्रभारी सुरेश प्रसाद, भाग अभियान प्रमुख ओम प्रकाश कुमार शामिल थे। टीम के द्वारा दुधपनिया, बरसोत, नईटांड़, सिमरादोहर एवं सिंहपुर में संचालित एकल विद्यालय का निरीक्षण कर विद्यालय की ओर से चलाई जा रही गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की गई। निरीक्षण के दौरान पाई गई कि सभी एकल विद्यालय नियमित खुलते हैं और उनके आचार्या दीदियों के द्वारा संस्कार युक्त शिक्षा दी जा रही है। मौके पर समिति के सदस्यों में ग्रामीणों को पंचमुखी शिक्षा के संदर्भ में जानकारी दी। ग्राम स्वराज्य मंच के प्रभारी प्रो हिरामन साहू ने कहा कि आज रासायनिक खाद का प्रचलन बढ़ गया है। जिसके कारण भूमि की उर्वरा शक्ति घटते जा हा है। इसलिए वर्मी कंपोस्ट खाद को बढ़ावा देने के लिए एकल विद्यालय के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। सभी उपस्थित ग्रामीणों को केंचुआ खाद बनाने की विधि की भी जानकारी दी गई। मौके पर एकल विद्यालय आचार्यो के द्वारा पोषण वाटिका का भी निरीक्षण किया गया। जहां एक ही स्थान पर पोषक युक्त कई तरह के पौधे लगे मिले। निरीक्षण के समय बरही संच प्रमुख शीला देवी, ग्राम स्वराज्य प्रमुख संदीप चंद्रवंशी, प्राथमिक शिक्षा प्रमुख नरेश पासवान, सुनीता देवी, संगीत देवी, आरती देवी, रेणु देवी आदि लोग भी मौजूद रहे।

# बरही पूर्वी पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का विधायक एवं प्रशिक्षु आईएएस शतबादी मजूमदार ने किया उद्घाटन, 364 लोगो ने दिया आवेदन



दीप प्रज्वलित कर शिविर का उद्घाटन करते हुए



श्रम कार्ड देते प्रशिक्षु आईएएस शताब्दी मजूमदार



कुक्कुट पालन शेड का उद्घाटन करते हुए

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

झारखंड सरकार के तीन वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में ष्आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारष के कार्यक्रम के तहत शनिवार को बरही पूर्वी पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन विधायक उमाशंकर अकेला, प्रशिक्षु आईएएस शताब्दी मजूमदार, एसडीओ पूनम कुजूर, बीडीओ सी.आर. इंदवार, सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, विधानसभा विधायक प्रतिनिधि छद्दू गोप, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, प्रमुख मनोज रजक, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, बरही विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू शनिवार को बरही नगर भवन पहुंचे। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम में शामिल सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस शिविर में 15 वीं वित आयोग, आवास, सावित्री भाई फुले किशोरी समृद्ध योजना, ई श्रम कार्ड, शिक्षा विभाग, कृषि विभाग, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, राशन कार्ड, स्वास्थ्य, जिला आपूर्ति सहित अन्य कई स्टॉल लगाए गए। वहीं इस शिविर में कुल 364 आवेदन जमा किए गए। वहीं विधायक ने रामफुलवा देवी को 20 हजार का चेक दिए। साथ ही 50 जरूरतमंद लोगो के बीच कंबल वितरण किया गया। इस शिविर में आधार शुद्धिकरण का कार्य किया गया। नए राशन कार्ड लाभुको का आवेदन लिया गया। शिविर में लगे विभिन्न विभागीय स्टालों में सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई एवं योग्य लाभुकों से योजना से संबंधित आवेदन प्राप्त करते हुए उनका त्वरित निष्पादन किया गया। मौके पर विधायक उमाशंकर अकेला ने बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित किया तथा पंचायतों में आयोजित होने वाले शिविर में पहुंचकर राज्य सरकार की अनेकों लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। साथ ही बरही पूर्वी पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के तहत प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी शताब्दी मजूमदार, अनुमंडल अधिकारी पूनम कुजूर ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत दीपक कुमार रंजन पिता स्व दिनेश राम का कुक. कुट पालन शेड का उद्घाटन किया गया। मौके पर 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, मुखिया छोटन ठाकुर, उप मुखिया मनोज उपाध्याय, लिपिक महेंद्र राम, सावंत कुमार, मो इम्तियाज, जे ई आसिफ अकरम, दीपक कुमार सहित सखी महिला मंडल की महिलाएं सहित पंचायत के सैकड़ों महिला एवं पुरुष मौजूद थे।

APEM LIVE

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

दिनांक: 15-10-2022

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर



## APEM WELFARE FOUNDATION

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
Regd. Under Ministry of Corporate Affairs (Govt. of India)
Regd. No.- U85300/JH/2022/NPL019305
Cont. No. - 7004315535, 9934337941

APEM TRUST HOSPITAL

आपका स्वास्थ्य
हमारी प्राथमिकता

## BASIC PARAMEDICAL TRAINING PROGRAMME

Registration Date : 10th Oct. to 20th Oct. 2022 Reg. Fee : Rs. 500/-

Training Place : 1. APEM Trust Hospital
New Colony, Dhanbad Road
Barhi, Hazaribag

2. Tathagat Hospital
Near Jheel Restaurant
Urwan, Koderma

Forms Available on : APEM Trust Hospital & RS Enterprises, Bakri Bazar, Barhi.

Time of Course : 90 days Form's Timing : 10 AM to 04 PM

For any Further Query, Contact us or visit us.

## APEM WELFARE FOUNDATION

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)
Regd. Under Ministry of Corporate Affairs (Govt. of India)
Regd. No.- U85300/JH/2022/NPL019305
Cont. No. - 7004315535, 9934337941

APEM TRUST HOSPITAL

Reg. No.
2036000529

### BASIC PARAMEDICAL TRAINING PROGRAMME

### REGISTRATION FORM

Affix Recent Passport Size Photo with Self Attested Signature

**Reg. No. - .............**

**Form No.-.............** **Date : ..........................**

***(Please fill the Registration Form in CAPITAL LETTERS)***

1. Applicant Name (In English): ..............................................
आवेदक का नाम (हिन्दी में): ..............................................
2. Father's Name (In English): ..............................................
पिता का नाम (हिन्दी में): ..............................................
3. Mother's Name (In English): ..............................................
माता का नाम (हिन्दी में): ..............................................
4. Dateof Birth (जन्म तिथि): ........./........./................ 5. Nationality(राष्ट्रीयता):..............................
6. Gender(लिंग): Male/Female ........................ 7. Category (SC/ST/OBC/GEN): ..............................
8. Marital Status: Single/Married/Divorced ..............................................
9. Address for Correspondence(पत्राचार पता): ..............................................
..............................................
Post Office:...............................Police Station:...............................Pin Code:....................
City:...............................State:...............................Country:...............................
10. Contact No.(संपर्क सं0): LandlineNo.: ..............................
Mobile No.: ..............................
11. EmailID (ईमेल आई डी) : .............................. Aadhar No...............................

12. Details of Qualifying Exam

| S.No. | ExamPassed | University/ Board | Subject | Yearof Passing | % / CGPA | Division |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Xth | | | | | |
| 2 | XIIth | | | | | |
| 3 | Graduation | | | | | |
| 4 | | | | | | |
| 5 | | | | | | |

### DECLARATION

I.......................................................................... hereby that I have read the Basic Paramedical Training Prospectus and understood the condition of the eligibility for the Basic Paramedical Training Programme for which I seek registration. I fulfill the minimum eligibility criteria and I have provided necessary information in this Registration Form. In the event of any information being found incorrect or misleading my candidate shall be liable to cancellation from the Basic Paramedical Training Programme at anytime and I shall not be entitled to refund of any fee paid by me to the APEM Trust Hospital, Barhi.

Applicant's Signature:.................................. Parent's Signature:..........................................

### IMPORTANT INSTRUCTIONS (महत्वपूर्ण निर्देश)

1. Applicant must use Ball pen with blue/black ink only.
2. Applicant must provide the correct details only.
3. The Minimum eligibility criteria for Basic Parmedical Training Programme is Matric.
4. Applicant must know how to read or write the English language.
5. Form to be accompanied by Copies of ID/Certificates (e.g. Adhar,Matriculation, and others if any).
6. The Form should be submitted within 10 days of issusing form.
7. Applicant should have a basic knowledge of Medical.
8. The Basic Paramedical Training Programme is of 90 days, and you must have to attend all days.
9. At the end of the training a test will be organised, if you pass then certificate will be issused.
10. Applicant should get the form with a Registration Fee of Rs. 500/-(Five Hundred Rupees only).
11. Applicant can use the certificate for the Diploma/Degree in Paramedical in future.

**Reg. No. - .............** FOR OFFICE USE ONLY **Form No.-.............**

Applicant Name: .................................................. Father's Name:..................................................
Address: ..................................................
Fee Received(Rs.): ..........................(In Words) .......................................
By Cash/Cheque...: ....................... ...Bank of ..........................Dated:.......................
Accounts officer's Signature: ..................................(Name):..................................
Form Checked & Verified By: ................................ (Name): ..................................
Office Administrator.......................................... Dated:... ..................................

### बेसिक पारामेडिकल ट्रेनिंग प्रोग्राम (डिप्लोमा/डिग्री के लिए)

आप क्या सीखेगें


1. BP नापना


2. सूई देना



3. OT बेसिक मैनेजमेंट


4.बेसिक दवाईयाँ


5. Sline चढ़ाना


6. ऑक्सीजन देना


7. ICU बेसिक मैनेजमेंट


8.Blood Test

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## मतदाता जागरूकता में ईएलसी की भूमिका अहम : बीडीओ

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



प्रशिक्षण शिविर में शामिल बीडीओ व अन्य

बरही प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को बीडीओ सी.आर. इंदवार ने ईएलसी एवं वीएएफ के नोडल पदाधिकारियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। बीडीओ ने सी. आर. इंद्वार ने बताया की चुनाव आयोग द्वारा जन जन को चुनावी प्रणाली के प्रति जागरूक करने के लिए चुनावी पाठशालाएं आयोजित की जा रही है। जिसमे चुनावी साक्षरता क्लबों का गठ्न किया जायेगा। जो भविष्य के मतदाताओं और युवा मतदाताओं को बड़े ही मनोरंजन तरीके से चुनावी साक्षरता प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा की एक बेहतर चुनावी साक्षरता के लिए विभन्न प्रकार की गतिविधियां बूथ लेवल अधिकारियों के माध्यम से अपने - अपने चुनाव केंद्र पर आयोजित की जानी है। जिसमे मुख्य रूप से 14 से 17 साल की आयु वर्ग के बच्चे व युवा मतदाताओं को मत का महत्व समझाना, मतदाताओं को मतदाता पंजीकरण और ईवीएम वा वीवीपैट के बारे में लोगो को जागरूक करना है। चुनावी केंद्र पर चुनावी पा. ठशाला के माध्यम से खेल - खेल विधियों द्वारा युवाओं वा मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया के बारे में जागरूक किया जाएगा। साथ ही साथ उन्होंने ईएलसी के रोल को अहम बताया उन्होंने शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित करने को कहा। कहा की मत प्रतिशत बढ़ने से ही लोकतंत्र मजबूत होगा मौके पर युगल प्रसाद सिंह, संजय कुमार दास, अमित रंजन लकड़ा, आशुतोष कुमार, विकास कुमार, डॉ संजय कुमार बर्नवाल, निर्मल प्रसाद, पंकज कुमार आजाद, सुनील कुमार, संदीप कुमार एवं अरुण कुमार सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## बरही पूर्वी पंचायत में आयोजित सरकार आपके द्वार में शामिल हुए टीएसएस अध्यक्ष अरुण साहू

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



कार्यक्रम में मौजूद अरुण साहू एवं अन्य

झारखंड सरकार के तीन वर्ष पूरा होना पर पूरा राज्य में 12 अक्टूबर से सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में बरही प्रखंड अंतर्गत बरही पूर्वी पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां टीएसएस अध्यक्ष अरुण साहू शामिल हुए, जहां उनके कार्यकर्ताओ द्वारा पुष्पगुच्छ देकर उन्हें सम्मानित किया गया। वहीं इस शिविर में ग्रामीणों के सहूलियत के लिए सभी विभागों के लिए अलग अलग स्टॉल लगाया गया था। अरुण साहू ने अधिकारियों से मिलकर ग्रामीणों की समस्या को अविलंब निष्पादन करने करने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा की लोगो की समस्या मेरी समस्या है और उनकी समस्या को निदान करना मेरी जिम्मेदारी है। मौके पर मुखिया छोटन ठाकुर, मो जमीरुद्दीन, प्रकाश राम, बबलू साहू सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## जिला स्तरीय खो खो प्रतियोगिता में खिताब जीताने वाले खिलाड़ियों को श्रीदास स्कूल प्रबंधन ने किया सम्मानित

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते प्राचार्य रोहित सिंह

जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में बरही देवचंदा मोड स्थित श्रीदास इंटरनेशनल स्कूल की ओर से बेहतर प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम करने वाले खिलाड़ियों को श्री दास इंटरनेशनल स्कूल प्रबंधन ने मेडल एवं प्रश. स्ति पत्र देकर सम्मानित किया। विद्यालय परिसर में कार्यक्रम आयोजित कर विद्यालय के प्राचार्य रोहित सिंह ने प्रतियोगिता में पार्टिसिपेट करने वाले स्कूल के बच्चों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर हौसलावर्द्धन किया और बधाई दी। जिन बच्चों को सम्मानित किया गया, उनमे कृष, सुशांत, अमित, पीयूष नंदन और अविनाश शामिल हैं । ज्ञात हो कि प्रथम जिला लेवल सब -जूनियर खो-खो चौंपियनशिप 2022 का आयोजन हजारीबाग के कटकमदाग प्रखंड के मध्य विद्यालय खपरीआवा के प्रांगण में हुआ था। उसमें पूरे जिले से 12 स्कूल के बच्चों के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ था। अंतिम में फाइनल मैच विवेकानंद सेंट्रल स्कूल और श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के बीच खेला गया था । जिसमें विवेकानंद स्कूल को श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने मैच के दूसरे फेज में हराया और इस प्रतियोगिता का खिताब जीता । टीम सदस्य के मैनेजर पिंटू कुमार पांडे एवं उनके सहायक ओमकार मिश्रा एवं अमित कुमार को भी उन्होंने टीम की जीत पर उन्हें बधाई दी है।

## उत्पाद व वन विभाग ने भगहर पंचायत में दर्जनों अवैध शराब भठियाँ किया नष्ट

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



अवैध महुवा शराब निर्माण का केंद्र बना भगहर में लाख कोशिशों के बावजूद शराब निर्माण पर अंकुश लगा पाना मुश्किल नही बल्कि नामुमकिन सा दिख रहा है। मंत्री, विधायक, पुलिस प्रशासन सबके मंसूबे पर पानी फेर रहे है शराब तस्कर। उत्पाद विभाग व वन विभाग यदाकदा भगहर में अवैध शराब भठियो को नष्ट कर अपनी उपस्थिति दर्ज करवा रही है। शनिवार को भगहर पंचायत के भगहर, भंडार व लोहरा में उत्पाद व वन विभाग ने छापेमारी अभियान चलाकर दर्जनों अवैध शराब भठियाँ व हज़ारों लीटर जावा महुवा को नष्ट किया गया। अवैध शराब निर्माण में प्रयुक्त सामानों को भी जप्त किया गया । उत्पाद इंस्पेक्टर जितेंद्र सिंह ने कहा कि अवैध शराब भट्ठी संचालकों को चिन्हित कर कार्यवाई किया जाएगा। वन विभाग चौपारण के प्रभारी वनपाल राहुल कुमार वंरक्षी पंकज कुमार, अजीत कुमार गन्झु,सिकंदर नायक होमगार्ड के जवान राजकिशोर यादव ,उमेश पासवान एवं अन्य वन कर्मी में शामिल थे।

## एंबीशन अकादमी में पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए पी जे अब्दुल कलाम का जयंती मनाया गया

### संस्थान अपने लक्ष्य की और अग्रसर : मो अजहर



माल्यार्पण करते संस्थान के निदेशक व शिक्षक



एंबीशन अकादमी के छात्र एवं छात्राएं

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत में संचा. लित एम्बिशन अकादमी में देश के महान वैज्ञानिक एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम का जयंती धूम धाम से मनाया गया। इस दौरान संस्थान के निदेशक मो अजहर, शिक्षक शोएब अख्तर एवं विद्यार्थियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हे याद किया। साथ ही एम्बिशन अकादमी के दो वर्ष पूरे होने पर बच्चों के बीच भाषण एवं कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें वर्ग प्रथम से पंचम तक के बच्चों ने कविता सुनाओ प्रतिस्पर्धा में भाग लिया। जबकि वर्ग छः से दशम तक के बच्चों ने कई प्रकार के विचार बिंदु पर भाषण दिया गया। कार्यक्रम का संचालन संस्थान के शिक्षक शोएब अख्तर ने किया। उसके बाद बच्चों ने अपने प्रतियो. गिता में अपनी भाषण एवं कविता कलाओं से सबके लिए एक सुंदर सन्देश पेश किए। वहीं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए संस्थान के निदेशक मो अज़हरुद्दीन ने बताया कि आज इस संस्थान दो वर्ष पूरा हो चुका है। हुआ और इन दो सालों में काफी मेहनत और लगन के साथ काफी मुसीबतों का सामना कर अपने लक्ष्य की और अग्रसर है।साथ ही उन्होंने कहा कि इस इंस्टिट्यूट मे हमारे सहयोगी शोयब अख्तर ने काफी मदद की है। उन्होंने हर पल इस अकादमी को आगे ले जाने में यथासंभव प्रयास किया है। शिक्षक शोएब अख्तर ने डॉ. ए. पी. जे अब्दुल कलाम के बारे में बताते हुए कहा कि अगर किसी देश को भ्र्ष्टाचार मुक्त ओर सुंदर मन वाले लोगों का देश बनाना है तो मेरा द्रढ़ता पुर्वक मानना है कि समाज के तीन प् माता पिता, और शिक्षक कर सकते है। उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि सफलता की कहानी मत पढ़ो उससे आपको केवल एक सन्देश मिलेगा। मौके पर तरन्नुम, तब्बसुम, रुकसार,नाजिया, नूरजहां, रबीना, राबड़ी, सबीहा, तथिर, नाजर, सानिया, सितारा, हसीना, रिज़वाना, महेजहाँ, सोहना, नाजबुन, निराली एवं छात्रों में आबिद, साहिल, आरिफ सहित सैकड़ो बच्चों ने भाग लिया।




डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## एकादश कार्यक्रम में जिला जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया उद्घाटन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही प्रखंड अंतर्गत मलकोको पंचायत के बुंडू निवासी रामू एवं सुरेश यादव की मां के निधन पर एकादश में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि जिला जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव शामिल हुए। इस कार्यक्रम का उद्घाटन जिला जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव एवं मुखिया विजय यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। वहीं कार्यक्रम में शामिल हुए सभी अतिथियों ने दिवंगत आत्मा के शांति के लिए उनकी चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया गया। उसके बाद कलाकारों के द्वारा रंगा रंग भक्ति गीत प्रस्तुत किए गए। जिससे पूरा गांव का माहौल भक्तिमय हो गया। मौके पर पंसस रोहित यादव, मनोज कुमार, जागेश्वर यादव, राजू यादव, बजन यादव, सतीश यादव, पवन यादव, रंजीत यादव, दिलीप यादव, तुलसी यादव सहित गांव के सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## दो मोटरसाइकिल की आमने सामने टक्कर में पांच घायल

**अपेम लाइव : संतगांवा**



सतगावां थाना क्षेत्र के पचमौह स्थित मध्य विद्यालय बासोडीह के समीप शनिवार की दोपहर 3:30 बजे दो मोटरसाइकिल की आमने सामने टक्कर में 5 लोग घायल होने का मामला प्रकाश में आया है गया बताया जाता है कि टेहरो पंचायत के हलकुसा निवासी गंगाराम 35 वर्ष पिता नरेश राजवंशी एवं मरचोई पंचायत के विझबरिया निवासी राजेश राजवंशी 30 वर्ष पिता मल्लू राजवंशी अपने मोटरसाइकिल से बासोडीह की ओर से कलीडीह की र जा रहे थे जबकि विपरीत दिशा से आ रहे बिहार राज्य के गोविंदपुर थाना क्षेत्र के बनियाबीघा निवासी मोहम्मद अल्ताफ 17 वर्ष पिता मोहम्मद अब्बास, मोहम्मद कौसर 18 वर्ष पिता मोहम्मद शब्बीर, मोहम्मद तौकीर आलम 18 वर्ष पिता मोहम्मद इलियास अंसारी अपने मोटरसाइकिल से आ रहे थे वहीं पचमौह के समीप अनियंत्रित होकर दोनों मोटरसाइकिल में आमने सामने टक्कर हो गई इस दुर्घटना में 5 लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना सतगावां थाना को दी घटना की सूचना पाकर सतगावां थाना के एसआई मुकेश यादव अपने दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घायल लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया जहां ड०क्टरों के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।समाचार लिखे जाने तक घायलों को प्राथमिक उपचार किया जा रहा था।

## सेंट्रल मिशन स्कूल में मेकिंग एंड डेकोरेशन प्रतियोगिता का आयोजन, मिट्टी का दीया बनाने पर जोर

### सीनियर में रूपा ग्रुप एवं जूनियर में सोनम ग्रुप ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**


प्रतियोगिता में शामिल बच्चे

शिशु ज्ञान समिति द्वारा संचालित सेंट्रल मिशन पब्लिक स्कूल रसोइया धमना के प्रांगण में सीसीए के तहत दिवाली पर्व को लेकर दिया मेकिंग एंड डेकोरेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें कक्षा वन से लेकर दशम तक के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। इसमें छात्र छात्राओं ने मिट्टी के दीए को बनाकर आकर्षक ढंग से सजाया गया। इस प्रतियोगिता में सीनियर सेक्शन से कक्षा नाइंथ की अंशु कुमारी और कक्षा 10 से रूपा ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । वहीं कक्षा सप्तम से खुशी ग्रुप और कक्षा 10 से प्रीति ग्रुप ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया । कक्षा 10 से करीना ग्रुप और कक्षा 8 से संदीप ग्रुप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । जूनियर सेक्शन से कक्षा 5 से सोनम ग्रुप और नेहा कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । कक्षा 5 से ही मनीष कुमार और कक्षा सिक्स से जेनब परवीन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 3 से सकीना ग्रुप आर सेलिना ग्रुप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सलाहकार राजेंद्र प्रसाद, सीसीए विभाग की शिक्षिका विभा शर्मा, अजय कुमार ,नरेश कुमार, अरुण कुमार अमर प्रकाश रवि कोमल कुमारी कल्पना कुमारी सरिता कुमारी अनामिका कुमारी प्रियंका कुमारी नुरेसा खातून इत्यादि ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## दैहर में भाजपा की बैठक, दो दर्जन लोगों ने थामा भाजपा का दामन

### सुख दुख के साथी बनें, जनता के बीच सहयोग का दायरा बढायें : मनोज यादव


दैहर में भाजपा की बैठक में शिरकत करते लोग

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**

सुदूर पंचायत दैहर के उग्रवाद प्रभावित भदान में भाजपा के पंचायत स्तरीय सांगठनिक बैठक आयोजित हुई। बैठक में दो दर्जन से अधिक लोगों भाजपा का दामन थामा। पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने सभी को माला पहनाकर स्वागत किया। मौके पर पूर्व विधायक ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ता परिवर्तन लाने में सक्षम है। इतने सारे लोग भाजपा में आ रहे हैं, सभी का स्वागत है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को जनता के बीच रहकर सुख दुख से सहयोग करने की बात कही। कहा कि भाजपा में हर कार्यकर्ता रीढ समान है। नये पूराने सदस्य समन्वय बनाकर काम करें। इसके पूर्व भाजपा में शामिल होने पर खुशियां जताते हुए नये सदस्यों ने कहा कि भाजपा परिवार में आकर काफी खुशी हो रही है। सभी ने पंचायत की समस्याओं को आगे लाकर कहा कि पंचायत प्रतिनिधि बेहतर काम नहीं कर रहा है। भाजपा के लोग मजबुती से विपक्ष की भुमिका निभायेंगे। बैठक का संचालन कैलाश यादव ने किया। इस दौरान केदार यादव, जिप प्रत्याशी रामप्रसाद भुइंया, मुखिया प्रत्याशी भोला भुइंया, धर्मेन्द्र दांगी, सुरेंद्र सिंह, आदित्य सिंह, मन्नु सिंह, नारायण गंझु, कजरु मुंडा, देवकी गंझु, सतन भुइंया, प्यारी दांगी समेत दैहर पंचायत के लगभग दो दर्जन लोगों ने भाजपा का दामन थामा। मंच संचालन दैहर निवासी समाजसेवी कैलाश पांडेय ने किया। मौके पर जिप सदस्य राकेश रंजन, राजदेव यादव, सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साहु, आशीष सिंह, कैलाश पांडेय, जन्मेजय सिंह, राकेश पाण्डेय, रक्षपाल दांगी, प्रमोद दांगी, देवकुमार दांगी, बबन सिंह, सतेंद्र सिंह, सचित सिंह, सतेंद्र सिंह, सियाराम सिंह , सुरेश दांगी सहित अन्य ने समारोह को सम्बोधित किया।




## पेलावल से लॉटरी रूपी बिमारी दूर करने की पहल

**अपेम लाइव : हजारीबाग**



अवैध लॉटरी के थोक विक्रेताओं ने पेलावल व अगल बगल के गांवों के यूवकों को इस लत में डाल कर उनके परिजनों को परेशानी व बर्बादी के कगार पर खड़ा कर दिया है। अतः आज पेलावल उत्तरी के सरपंच मोहम्मद साबिर ने एक गुहार पत्र हजारीबाग डीसी को सौंपा। यह नशा ड्रग के नशा से कम तर नहीं है। आसान पैसा कमाने के चक्कर में युवक गलत सलत रास्ता अपना कर पैसा जुगाड़ते हैं और लॉटरी टिकट में खुद बर्बाद हो जाते हैं और अपने परिजनों को भी बर्बाद कर देते हैं। पेलावल के दोनों पंचायत के प्रतिनिधियों ने एवं जिला परिषद सदस्या मंजू नंदिनी, उत्तरी मुखिया मो अखलाक,bदक्षिणी मुखिया नूरजहां, उत्तरी उपमुखिया मो.अयुब उर्फ बबलू एवं पेलावल के अन्य गणमान्य लोगों की राय मशवरा से यह तय किया गया कि कम से कम पेलावल में इस धंधे पर सख्ती से अंकुश लगाया जाए। इसमें पेलावल विकास मंच के संस्थापक एम.हक भारती ने भी समर्थन दिया। इसमें मुख्य रूप से छः लॉटरी के थोक विक्रेताओं के नाम दर्शाए गए हैं। मो. मुजाहिद, मो.महमूद , मो. अख्तर, मो. समशाद,राजू खान एवं मो. साजिद का नाम शामिल है। पेलावल विकास मंच ने भी अपने स्तर से इस रोग को पेलावल की धरती से दूर करने का संकल्प ले लिया है।

APEM LIVE

## विष्णुगढ़ में फर्जा कागजात पर कोयला ले जाते चार ट्रक जब्त

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**

विष्णुगढ़ पुलिस ने शुक्रवार की रात अवैध कोयला लदा हुआ चार ट्रक जब्त किया है। सभी ट्रकों पर लगभग 25-25 टन कोयला लदा हुआ है। मामले में सभी ट्रक के चालक क्रमशः सद्दाम अंसारी पिता अहमद अंसारी, दिनेश कुमार पिता सहदेव यादव, रामदेव यादव पिता बासुदेव यादव, सकलदेव यादव पिता नुनमन यादव को आरोपी बनाया गया है। सभी आरोपी चालक कोडरमा जिला के डोमचांच थानान्तर्गत गोलबाढ़ाब के रहने वाले हैं। विष्णुगढ़ पुलिस ने बताया कि हजारीबाग पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली थी कि कोयला तस्करों द्वारा गोमियां की ओर से कोयला से संबंधित जाली कागजात बनाकर अधिक मुनाफाखोरी के उद्देश्य से चार ट्रकों में कोयला लोड़ कर तस्करी के लिए बाहर की मंडियों में बेचने के लिए ले जा रहे हैं। इस सूचना पर विष्णुगढ़ पुलिस उपाधीक्षक अनुज उरांव के नेतृत्व में टीम का गठन कर दल के साथ विष्णुगढ़ थाना गेट के पास गोमियां की ओर से आने वाले वाहनों का सघन चेकिंग प्रारंभ किया गया। इसी बीच रात करीब 10 बजे ट्रक जेएच12डी 2086, जेएच12एफ 1407, बीआर02जीए 8513, एनएल01के 0425 को रोका गया। ट्रक पर लोड कोयला के कागजातों के अवलोकन में सभी काग. जात फर्जी पाए गए। इसे लेकर आरोपियों को गिरफ्तार कर विष्णुगढ़ थाना में भादवि तथा कोल माइंस एक्ट की सुसंगत धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। छापेमारी टीम में डीएसपी अनुज उरांव, थाना प्रभारी रामनारायण सिंह, पुअनि बीरबल करमाली, पुअनि प्रशांत कुमार मिश्रा, पुअनि अभिषेक कुमार सिंह, सअनि संत कुमार पाठक तथा थाना रिजर्व गार्ड के जवान शामिल थे।



विष्णुगढ़ थाना में जब्त अवैध कोयला लदा ट्रक

## सरकार आपके द्वार शिविर में 130 मामलों का हुआ निष्पादन

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**

विष्णुगढ़ के करगालो पंचायत में शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन बीडीओ संजय कुमार कोंगारी, सीओ रामबालक कुमार, जिप सदस्य शेख तैयब, बीस सूत्री अध्यक्ष गिरजा साव, उपप्रमुख सरयू साव, मुखिया प्रतिनिधि मोतीलाल महतो आदि ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। शिविर में लोगों के बीच सरकार द्वारा चलाई जा रही लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। लोगों की समस्याओं से संबंधित विभिन्न विभागों के अलग अलग स्टाल लगाए गए थे। शिविर में अलग-अलग विभागों के कुल 318 मामले प्राप्त हुए। जिसमें 130 मामलों का ऑन द स्पॉट निष्पादन कर दिया गया। वहीं, 178 मामले लंबित रह गए। दस मामले विभिन्न कारणों से अस्वीकृत कर दिए गए। शिविर में जरूरतमंदों के बीच कंबल, सोना सोबरन योजना से धोती, साड़ी व लुंगी, मनरेगा का ज०ब कार्ड, केसीसी ऋण का स्वीकृति प्रमाण पत्र आदि प्रदान किया गया। जिप सदस्य शेख तैयब ने कहा कि शि. विर के माध्यम से लोगों के विभिन्न मामलों का त्वरित निष्पादन हो रहा है। इससे लोगों में उत्साह है।



विष्णुगढ़ के करगालो पंचायत में शिविर का उद्घाटन करते जनप्रतिनिधि




## भारत के पूर्व राष्ट्रपति, भारत रत्न से सम्मानित मिसाइल मैन डॉ अब्दुल कलाम के जन्मदिन पर सूरज दास के कलम से

**अपेम लाइव : बरही**




15 अक्टूबर 1931 को धनुषकोडी गाँव (रामेश्वरम, तमिलनाडु) में एक मध्यमवर्ग मुस्लिम अंसार परिवार में इनका जन्म हुआ। इनके पिता जैनुलाब. दीन न तो ज़्यादा पढ़े-लिखे थे, न ही पैसे वाले थे। इनके पिता मछुआरों को नाव किराये पर दिया करते थे। अब्दुल कलाम संयुक्त परिवार में रहते थे। परिवार की सदस्य संख्या का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि यह स्वयं पाँच भाई एवं पाँच बहन थे और घर में तीन परिवार रहा करते थे। अब्दुल कलाम के जीवन पर इनके पिता का बहुत प्रभाव रहा। वे भले ही पढ़े-लिखे नहीं थे, लेकिन उनकी लगन और उनके दिए संस्कार अब्दुल कलाम के बहुत काम आए। पाँच वर्ष की अवस्था में रामेश्वरम की पंचायत के प्राथमिक विद्यालय में उनका दीक्षा-संस्कार हुआ था। उनके शिक्षक इयादुराई सोलोमन ने उनसे कहा था कि जीवन मे सफलता तथा अनुकूल परिणाम प्राप्त करने के लिए तीव्र इच्छा, आस्था, अपेक्षा इन तीन शक्तियो को भलीभाँति समझ लेना और उन पर प्रभुत्व स्थापित करना चाहिए। पांचवी कक्षा में पढ़ते समय उनके अध्यापक उन्हें पक्षी के उड़ने के तरीके की जानकारी दे रहे थे, लेकिन जब छात्रों को समझ नही आया तो अध्यापक उनको समुद्र तट ले गए जहाँ उड़ते हुए पक्षियों को दिखाकर अच्छे से समझाया, इन्ही पक्षियों को देखकर कलाम ने तय कर लिया कि उनको भविष्य में विमान विज्ञान में ही जाना है। कलाम के गणित के अध्यापक सुबह ट्यूशन लेते थे इसलिए वह सुबह 4 बजे गणित की ट्यूशन पढ़ने जाते थे। अब्दुल कलाम ने अपनी आरंभिक शिक्षा जारी रखने के लिए अख़बार वितरित करने का कार्य भी किया था।डॉ कलाम ने 1950 में मद्रास इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलजी से अंतरिक्ष विज्ञान में स्नातक की उपाधि प्राप्त की है। स्नातक होने के बाद उन्होंने हावरक्राफ्ट परियोजना पर काम करने के लिये भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं विकास संस्थान में प्रवेश किया। 1962 में वे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन में आये जहाँ उन्होंने सफलतापूर्वक कई उपग्रह प्रक्षेपण परियोजनाओं में अपनी भूमिका निभाई। परियोजना निदेशक के रूप में भारत के पहले स्वदेशी उपग्रह प्रक्षेपण यान एसएलवी 3 के निर्माण में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई जिससे जुलाई 1982 में रोहिणी उपग्रह सफलतापूर्वक अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया गया था। डॉ ऐ0पी0जे0 अब्दुल कलाम जो अवुल पकिर जैनुलाब्दीन अब्दुल कलाम जो मिसाइल मैन और जनता के राष्ट्रपति नाम से भी जाने जाते हैं, भारतीय गणतंत्र के ग्यारहवें निर्वाचित राष्ट्रपति थे। वे भारत के पूर्व राष्ट्रपति, जानेमाने वैज्ञानिक और अभियंता (इंजीनियर) के रूप में विख्यात थे। उन्होंने सिखाया जीवन में चाहें जैसे भी परिस्थिति क्यों न हो पर जब आप अपने सपने को पूरा करने की ठान लेते हैं तो उन्हें पूरा करके ही रहते हैं। डॉ ए0 पी0 जे0 अब्दुल कलाम साहब ने मुख्य रूप से एक वैज्ञानिक और विज्ञान के व्यवस्थापक के रूप में चार दशकों तक रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) संभाला व भारत के नागरिक अंतरिक्ष कार्यक्रम और सैन्य मिसाइल के विकास के प्रयासों में भी शामिल रहे। इन्हें बैलेस्टिक मिसाइल और प्रक्षेपण यान प्रौद्योगिकी के विकास के कार्यों के लिए भारत में शमिसाइल मैनश के रूप में जाना जाता है। इन्होंने 1974 में भारत द्वारा पहले मूल परमाणु परीक्षण के बाद से दूसरी बार 1998 में भारत के पोखरान-द्वितीय परमाणु परीक्षण में एक निर्णायक, संगठनात्मक, तकनीकी और राजनैतिक भूमिका निभाई। कलाम सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी व विपक्षी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस दोनों के समर्थन के साथ 2002 में भारत के राष्ट्रपति चुने गए। पांच वर्ष की अवधि की सेवा के बाद, वह शिक्षा, लेखन और सार्वजनिक सेवा के अपने नागरिक जीवन में लौट आए। इन्होंने भारत रत्न, भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान सहित कई प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त किये। डॉ ए0 पी0 जे0 अब्दुल कलाम राष्ट्र को सम्बोधित करते हुएरू- 1972 में वे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन से जुड़े। अब्दुल कलाम को परियोजना महानिदेशक के रूप में भारत का पहला स्वदेशी उपग्रह (एस.एल.वी. तृतीय) प्रक्षेपास्त्र बनाने का श्रेय हासिल हुआ। 1980 में इन्होंने रोहिणी उपग्रह को पृथ्वी की कक्षा के निकट स्थापित किया था। इस प्रकार भारत भी अंत. र्राष्ट्रीय अंतरिक्ष क्लब का सदस्य बन गया। इसरो ल०न्च व्हीकल प्रोग्राम को परवान चढ़ाने का श्रेय भी इन्हें प्रदान किया जाता है। कलाम ने स्वदेशी लक्ष्य भेदी नियंत्रित प्रक्षेपास्त्र (गाइडेड मिसाइल्स) को डिजाइन किया। इन्होंने अग्नि एवं पृथ्वी जैसे प्रक्षेपास्त्रों को स्वदेशी तकनीक से बनाया था। कलाम जुलाई 1992 से दिसम्बर 1999 तक रक्षा मंत्री के विज्ञान सलाहकार तथा सुरक्षा शोध और विकास विभाग के सचिव थे। उन्होंने रणनीतिक प्रक्षेपास्त्र प्रणाली का उपयोग आग्नेयास्त्रों के रूप में किया। इसी प्रकार पोखरण में दूसरी बार परमाणु परीक्षण भी परमाणु ऊर्जा के साथ मिलाकर किया। इस तरह भारत ने परमाणु हथियार के निर्माण की क्षमता प्राप्त करने में सफलता अर्जित की। कलाम ने भारत के विक. ।सस्तर को 2020 तक विज्ञान के क्षेत्र में अत्याधु. निक करने के लिए एक विशिष्ट सोच प्रदान की।यह भारत सरकार के मुख्य वै. ज्ञानिक सलाहकार भी रहे। 1982 में वे भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं विकास संस्थान में वापस निदेशक के तौर पर आये और उन्हा. ेने अपना सारा ध्यान ष्गाइडेड मिसाइलष के विकास पर केन्द्रित किया। अग्नि मिसाइल और पृथ्वी मिसाइल का सफल परीक्षण का श्रेय काफी कुछ उन्हीं को है। जुलाई 1992 में वे भारतीय रक्षा मंत्रालय में वैज्ञानिक सलाहकार नियुक्त हुये। उनकी देखरेख में भारत ने 1998 में पोखरण में अपना दूसरा सफल परमाणु परीक्षण किया और परमाणु शक्ति से संपन्न राष्ट्रों की सूची में शामिल हुआ। राष्ट्रपति निर्वाचित हुए थे। 18 जुलाई 2002 को कलाम को नब्बे प्रतिशत बहुमत द्वारा भारत का राष्ट्रपति चुना गया था और इन्हें 25 जुलाई 2002 को संसद भवन के अशोक कक्ष में राष्ट्रपति पद की शपथ दिलाई गई। इस संक्षिप्त समारोह में प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, उनके मंत्रिमंडल के सदस्य तथा अधिकारीगण उपस्थित थे। इनका कार्याकाल 25 जुलाई 2007 को समाप्त हुआ। अब्दुल कलाम व्यक्तिगत ज़िन्दगी में बेहद अनुशासनप्रिय थे। यह शाकाहारी थे।इन्होंने अपनी जीवनी विंग्स अ०फ़ फायर भारतीय युवाओं को मार्गदर्शन प्रदान करने वाले अंदाज में लिखी है। इनकी दूसरी पुस्तक शगाइडिंग सोल्स- डायल०ग्स अ०फ़ द पर्पज अ०फ़ लाइफश आ. त्मिक विचारों को उद्घाटित करती है इन्होंने तमिल भाषा में कविताऐं भी लिखी हैं।यह भी ज्ञात हुआ है कि दक्षिणी कोरिया में इनकी पुस्तकों की काफ़ी माँग है और वहाँ इन्हें बहुत अधिक पसंद किया जाता है। 2000 वर्षों के इतिहास में भारत पर 600 वर्षों तक अन्य लोगों ने शासन किया है। यदि आप विकास चाहते हैं तो देश में शांति की स्थिति होना आवश्यक है और शांति की स्थापना शक्ति से होती है। इसी कारण प्रक्षेपास्त्रों को विक. सित किया गया ताकि देश शक्ति सम्पन्न हो। आई एन एस सिंधुरक्षक पर तत्कालीन भारतीय राष्ट्रपति कलाम यूं तो अब्दुल कलाम राजनीतिक क्षेत्र के व्यक्ति नहीं थे लेकिन राष्ट्रवादी सोच और राष्ट्रपति बनने के बाद भारत की कल्याण संबंधी नीतियों के कारण इन्हें कुछ हद तक राजनीतिक दृष्टि से सम्पन्न माना जा सकता है। इन्होंने अपनी पुस्तक इण्डिया 2020 में अपना दृष्टिकोण स्पष्ट किया है। यह भारत को अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में दुनिया का सिरमौर राष्ट्र बनते देखना चाहते थे और इसके लिए इनके पास एक कार्य योजना भी थी। परमाणु हथियारों के क्षेत्र में यह भारत को सुपर प०वर बनाने की बात सोचते रहे थे।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## राजस्व कर्मचारियों की हड़ताल से विद्यार्थी परेशान,वैकल्पिक व्यवस्था करे प्रशासन एवं सरकार : दीपेश अग्रवाल

**अपेम लाइव : संतगांवा**



राजस्व कर्मचारियों के द्वारा तकरीबन 25 दिनों से हड़ताल जारी है जिस कारण कोडरमा जिला में आवासीय,जाति के लगभग 60 हज़ार एवं पूरे झारखंड में तकरीबन 22 लाख आवेदन लंबित है/पेंडिंग पड़ा हुआ है जिसमें अधिकांश आवेदन विद्यार्थियों के है एवं बिना प्रमाण पत्र के नौकरी में भर्ती हेतु या संस्थानों में नामांकन के लिए आवेदन कर पाने में असमर्थ है बहुत ही परेशानी का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि जो भी विद्यार्थी अ०नलाइन आवेदन किये है एवं कर्मचारियों के हड़ताल पर रहने के कारण अंचल कार्यालय से निपटारा नही हो पा रहा है और विद्यार्थी लोग अंचल कार्यालय का चक्कर लगा लगा कर मायुस होकर तनावग्रस्त हो रहे है।इसलिए मैं समाजसेवी दीपेश अग्रवाल सरकार एवं जिला प्रशासन से मांग करता हूँ कि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य का ख्याल करते हुए वैकल्पिक व्यवस्था करें ताकि विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र के कारण नौकरी या संस्थान में दाखिला लेने के लिए कोई परेशानी नही हो और दर-ब-दर भटकना नही पड़े।

## बड़कागांव पश्चिमी पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव : आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम पश्चिमी पंचायत में आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता अपर समाहर्ता राकेश रोशन एवं संचालन प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार पांडे के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक अंबा प्रसाद, अपर समाहर्ता राकेश रोशन, प्रमुख फुलवा देवी, 20 सूत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम, मुखिया रंजीत कुमार, पंचायत समिति सदस्य उर्मिला कुमारी ,प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर ही शिविर में सात लोगों को सर्वजन पेंशन, जेएसएलपीएस के द्वारा एसएचजी ग्रुप महिलाओं को c-i-f- के तहत 32 समूह को 16 लाख रुपया, वही कैश क्रेडिट लिंकेज के तहत 11 समूह को कुल 22 लाख रुपया का चेक दिया गया । फूलो झानो आशीर्वाद योजना के तहत साजो देवी को 10 हजार का चेक एवं दो सखी मंडल को रजिस्टर का वितरण, 10 लाभुकों को कंबल देने के अलावा कई कार्यों का निष्पादन शिविर में ही किया गया। मौके पर विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा आयोजित शिविर का लाभ ग्रामीण उठावे और अपने क्षेत्र का विकास कराने का प्रयास कराएं। जो भी समस्याएं हैं आप शिविर मे अधिकारियों के पास लिखित तौर पर जरूर रखें निश्चित समाधान होगा।

कार्यक्रम में आपूर्ति विभाग, मनरेगा, बाल विकास विभाग, जेएसएलपीएस, बिजली विभाग, स्वास्थ्य विभाग, 15वें वित्त, पशुपालन, कृषि, सहकारिता (पैक्स सदस्य निबंधन), कल्याण विभाग, के अलावा कोई विभाग के द्वारा स्टॉल लगाया गया था। वही मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड कृषि पदाधिक.ारी रवि रंजन, पूर्व मुखिया अनीता देवी , प्रमुख प्रति. निधि हेमंत भुइया, के सुरेश महतो सत्यदेव महतो ,रिंकू रवि, आशीष पा. सवान, राहुल कुमार अजय कुमार ,दीपक कुमार भास्कर राज, पूजा राय ,संजय रजक, प्रकाश अनंत कुमार के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन







**अपेम लाइव : संतगांवा**

सतगावां प्रखंड के माधोपुर पंचायत में शनिवार को आपकी योजना, आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में बीडीओ बैद्यनाथ उरांव मुख्य रूप से उपस्थित थे ।उन्होंने उपस्थित ग्रामीणों को जन वितरण प्रणाली से संबंधित राशन कार्ड,साड़ी धोती योजना के अलावा सुखी संपन्न परिवार का राशन कार्ड काटने तथा गरीब परिवार को जोड़ने की अपील की। उन्होंने सरकार के महत्वकांक्षी योजना की जानकारी देते हुए कहा कि आज झारखंड सरकार के तीन वर्ष पूरा हुई हैं ।इसके उपलक्ष में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्धारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।आवास योजना ,राशन कार्ड योजना, पशु सेट योजना,गव्य विकास योजना, बकरी विकास योजना, पेंशन योजना, कौशल विकास योजना के लगभग 350 से उपर आवेदन शिविर के माध्यम से किया गया ।सभी आवेदन का निष्पादन किया जाएगा ।उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत 3 पेंशन की विस्तार रूप से जानकारी दिए । उन्होंने यह भी कहा कि आपदा के तहत मरने वाले के परि. जनों को मुआवजा की राशि मिलती है। लेकिन उसका पोस्टमार्टम कराना अनिवार्य है अन्यथा उन्हें या लाभ नहीं मिल पाएगा ।उन्होंने लोगों से अपील की हैं कि सरकार के महत्त्व कांक्षी योजना का लाभ उठायें उनहोंने बताया कि बासोडीह से कानीकेंद तक जल्द ही सड़क मे काम लगना हैं। उन्होंने कहा कि आगनबाड़ी भवन, समुदायिक भवन,उपस्वास्थ्य केन्द्र, स्कूल भवन ,हाट बाजार, सड़क किनारे अतिक्रमण जो भी किए हैं। उसे स्वयं छोड़ दें ।अन्यथा उनपर कार्रवाई की जाएगी ।जे एस एस राजो पासवान ने कहां की रोजगार सृजन योजना ,गव्य पालन, बकरी पालन, मुर्गी पालन, बत्तख पालन की विस्तार रूप से जानकारी दिए और इसका लाभ उठाने की अपील की । इन योजनाओं में सरकार द्धारा 90व 75प्रतिशत सबसिडी हैं ।शि. विर के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना ,वृद्धापेंशन,फूलो झूलो किशोरी समृद्धि योजना,पशुधन योजना,15 वें वित्त आयोग अंतर्गत आदि योजनाओं का 350 आवेदन प्राप्त हुआ ।मौके पर एमओ विजय शंकर,जिला परिषद सदस्य नीतू कुमारी, प्रमुख ललिता देवी, पंचायत समिति सदस्य डेजी देवी,डॉक्टर रविकांत कुमार दामोदर सिंह आदि उपस्थित थे।

## अब्दुल कलाम की जयन्ती पर डॉ ललन बाबू कस्तूरबा स्कूल में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



कस्तूरबा जनजागरण समिति द्वारा संचालित ड्रा ललन बाबू कस्तूरबा गांधी +2 उच्च विद्यालय सह आइडियल पब्लिक स्कूल सिंहपुर में मिसाइल मैन पूर्व राष्ट्रपति डॉ एपीजे अब्दुल कलाम जी के जयन्ती पर पेंटिंग प्रतियोगिता और निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आइडियल पब्लिक स्कूल में पहला से छठा तक पेंटिंग प्रतियोगिता व डॉ ललन बाबू कस्तूरबा गांधी उच्च विद्यालय में वर्ग छठा से दसवीं तक के विद्यार्थियों के बीच स्वच्छता और स्वास्थ्य पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पेंटिंग प्रतियोगिता में क्लासवाइज उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रथम तीन तीन अभ्यर्थियों को मेडल देकर समान्नित किया गया। इससे पहले कलाम जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए विद्यालय प्रबंधक चन्दन कुमार ने कहा कि अब्दुल कलाम का जीवन हमेशा दूसरों के लिए समर्पित रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विधालय प्रभारी राहुल कुमार, वरिष्ठ शिक्षक सुग्रीव रजक, भोलानाथ दांगी,आइडिल प्रभारी पप्पू गुप्ता मुकेश सिंह, कल्चरल एक्टिविटी प्रभारी अखिलेश दांगी, कृष्णा राणा,शिक्षक सुधीर पांडेय, अनिता मैम , मो सयुम अंसारी, मौलाना कौसर रब्बानी सुभाष केशरी,ललिता मैम , मो मतीन सर सहित अन्य का योगदान रहा। वहीं विद्यालय की प्राचार्या ममता कुमारी ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी।

## संजीव बेदिया ने मृतकों के परिजनों को 11- 11 हजार रुपया का सहयोग राशि दिया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**


सहयोग राशि देते संजीव बेदिया एवं अन्य जेएमएम कार्यकर्ता

9 अक्टूबर को छवनिया गांव में निकाली गई पैगंबर साहब की जुलूस मे 11000 बिजली करंट लगने मामले को लेकर तीन स्थानीय लोगों की मौत हो गई। झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव सह बड़कागांव पूर्व जिप उपाध्यक्ष संजीव बेदिया ने छवनिया गांव पहुंचकर मृतक नियामत, सरफराज एवं ओबेदुल्ला की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया है। इस दौरान उन्होंने मृतकों के घर जाकर एवं परिजनों से मुलाकात कर 11-11 हजार रुपया आर्थिक सहयोग दिया। एवं कहा कि मृतकों के परिजनों के लिए रोजगार एवं अन्य राहत कोष से सहयोग के लिए मुख्यमंत्री और उपायुक्त से बात करेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्पष्ट कर दिया है कि स्थानीय 75: लोग को ज०ब देना है। युवा लोग कल्याण विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाएं विभाग में विकास की कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। जहां भी जरूरत पड़े मैं आपको सहयोग करूंगा। वृद्धा पेंशन के लिए झारखंड में किसी प्रकार कोई कोटा नहीं है उम्र पूरा होते ही आप फ०र्म भरे मैं आपको वृद्धा पेंशन दिलाऊंगा। बेदिया ने छवनिया गांव के महिलाओं के लिए स्वरोजगार के लिए सिलाई मशीन दिलाने का आश्वासन दिया है। मौके पर उपस्थित लोगों में मुख्य रूप से मजदूर कोल. वरी यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर, सचिव दिनेश कुमार रवि ,उपाध्यक्ष सह पूर्व जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष किशोर राणा, सचिव वासुदेव यादव , कोषाध्यक्ष सफीउल्लाह अंसारी, मोहम्मद साबिर, सेराज अंसारी, पवन तुरी, जानिसार आलम के अलावा कई लोग उपस्थित थे।

## 17 अक्टूबर को डाड़ी कलाँ आएंगे पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव, स्वागत कार्यक्रम की तैयारी जोरों पर, लोगों ने की बैठक

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : प्रखंड के डाड़ी कला पंचायत में पूर्व कृषि मंत्री योगेंद्र साव का स्वागत कार्यक्रम 17 अक. टूबर किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर कांग्रेसी कार्यकर्ताओ ने बैठक कर बताया की । 7 वर्षो के लंबे अंतराल के बाद पूर्व कृषि मंत्री जेल से बाहर आए। जिनका स्वागत कार्यक्रम 17 अक्टूबर को डाड़ी कला मेला टांड़ में किया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए पंकज कुमार ने कहा की हम विस्थापितो के समस्याओं की लड़ाई लड़ने वाले नायक योगेंद साव का भव्य स्वागत किया जाएगा । उनके आने से कार्यकर्ताओ में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। निश्चित तौर पर योगेंद साव के मार्गदर्शन में विधायक अम्बा प्रसाद 2013 कोल् अधिनियम एवं पुनर्वास से सम्बंधित समस्याओं का निवारण जल्द से जल्द करेंगे। शमीम अहमद ने बताया की सैकड़ो मोटरसाइकिल पर सवार कार्यकर्ता बड़कागांव सूर्य मंदिर से स्वागत कर सोनबरसा मोड़ तक आएंगे वही सोनबरसा मोड़ से पदयात्रा करते हुए डाड़ी कलाँ के मेला टांड पहुंच कर योगेन्द्र साव लोगों को संबोधित करेंगे। वही कुलेश्वर राम ने भारी संख्या में लोगों को आने की अपील की है। मौके पर उपस्थित कांग्रेसी कार्यकर्ता हनीफ मियां, अनवर अली, पंकज कुमार, शमीम अहमद, राजेश रजक, कुलेश्वर राम, नेमधारी राम, निर्मल राम, मोहम्मद जमाल, अब्दुल जब्बार, मसकुर आलम, मोहम्मद मोइन, कृष्णा ओझा, बरकत अली, नसरुल्ला, कृष्णा राम, मो. हम्मद रफुल, बबलू साव, अजीत कुमार, आदित्य कुमार, मोहम्मद कासीम, साबिर हुसैन, डुभन साव, चंद्रिका प्रसाद, मो0 तस्लीम, मो0 मोबारक सहित दर्जनों कांग्रेसी शामिल थे।